Sixteenth Loksabha

an>

Title: Regarding railway related issues of Bhandara-Gondiya Parliamentary Constituency of Maharashtra.

श्री मधुकरराव यशवंतराव कुकडे (भंडारा-गोंदिया): अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे जीरो आवर में बोलने की अनुमति दी, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

मैं भंडारा जिले से आता हूं, हमारे यहां त्रिवडी से लेकर कटंगी परियोजना वर्ष 1998 में मंजूर की गई थी। आज बीस साल हो गए हैं, लेकिन वह परियोजना अभी तक पूरी नहीं हुई है। यदि यह परियोजना पूरी हो जाएगी तो विदर्भ को न्याय मिलेगा। भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र एवं स्टेट की सरकारें अलग विदर्भ राज्य नहीं दे रही हैं। इससे बालाघाट और मंडला जिले जुड़ जाएंगे और हमारे सामरिक विषयों को निपटाएंगी। सिर्फ 12 किलोमीटर लम्बी इस परियोजना को बनने में 20 साल लग गए। वर्ष 1998 में आदरणीय ममता बनर्जी जी जब रेलवे मंत्री थीं, उन्होंने इसे मंजूर किया था। इसके साथ ही, गोंदिया से लेकर जबलपुर नैरोगेज और ब्रॉडगेज लाइन परियोजना अभी तक पूरी नहीं हुई है। अगर ये दोनों परियोजनाएं पूरी जाएं तो विदर्भ की जनता के साथ न्याय होगा और उनका विकास होगा। भंडारा के अंदर जिला मुख्यालय है, वहां पहले एक गुड्स शेड था, उसे सरकार ने बन्द कर दिया। अगर वह गुड्स शुड शुरू हो जाएगा तो धान के आवागमन के लिए काम आएगा। अगर आप ये काम करेंगे तो विदर्भ की जनता को न्याय मिलेगा। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष **:**

श्रीमती सुप्रिया सुले और

श्री धनंजय महाडीक को श्री मधुकरराव यशवंतराव कुकडे द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।